हरिभूमि

# मध्यांचल भूमि

रायपुर, गुरुवार 17 जुलाई 2025

तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

14 दलदल और जर्जर भवन में संचालित हो रही ...



14 गांवों में मूलभूत सुविधाओं का अभाव, बसपा ने उठाया मुद्दा





B.M. COLLEGE
BCA BBA
PGDCA B.Ed.
आई.टी.आई.
▸ कोपा ▸ इलेक्ट्रिशियन
▸ हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
▸ डीजल मैकेनिक
▸ फायर टेक्नालॉजी
▸ स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065

# पं. चक्रपाणी शुक्ल हाई स्कूल मैदान में होगा स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

स्वतंत्रता दिवस जिला स्तरीय समारोह का आयोजन 15 अगस्त को बलौदाबाजार स्थित पं. चक्रपाणी शुक्ल स्वामी आत्मानंद शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय मैदान में होगा। कलेक्टर दीपक सोनी ने मंगलवार को स्वतंत्रता दिवस की तैयारी बैठक में अधिकारियों को जरुरी निर्देश देते हुए जिम्मेदारी सौंपी।

समारोह के लिए विभागावार अधिकारियों को अलग-अलग कामों के लिए जिम्मेदारियां सौंपी गई। बरसात के मौसम को ध्यान में रखते हुए वाटर प्रूफ पंडाल लगाने तथा बैठक सहित अन्य तमाम व्यवस्थायें सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये।

## अधिकारियों को सौंपी गई तैयारी की जिम्मेदारी



### ये रहे उपस्थित

*बैठक में सीईओ जिला पंचायत दिव्या अग्रवाल, अपर कलेक्टर दीप्ति गौते, मिथलेश डोंडे सहित सभी एसडीएम, तहसीलदार, जनपद सीईओ एवं विभिन्न विभागों के जिलाधिकारी उपस्थित थे।*

स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह प्रातः 9 बजे पं. चक्रपाणि हाई स्कूल ग्राउंड में शुरू होगा। मुख्य अतिथि यहां ध्वजारोहण कर परेड की सलामी लेंगे। इसके पहले सभी सरकारी और गैर सरकारी कार्यालयों में ध्वजारोहण हो जाएगा। संपूर्ण कार्यक्रम का अंतिम रिहर्सल 13 अगस्त को सुबह 9 बजे स्टेडियम मैदान में होगा।

समारोह स्थल की साफ-सफाई, बैरिकेडिंग, शामियाना, मंच एवं माइक, पानी व्यवस्था, बैठक व्यवस्था, शांति एवं यातायात व्यवस्था, मार्च पास्ट परेड, स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम, चिकित्सा व्यवस्था, शहीद परिजनों का सम्मान, पुरस्कार वितरण आदि के लिए संबंधित अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई।

## खबर संक्षेप

### 58 पौवा शराब जब्त दो युवक गिरफ्तार

**भाटापारा।** एसपी भावना गुप्ता के निर्देशन पर ग्रामीण थाना पुलिस ने अवैध शराब की बिक्री करने वाले दो लोगों को पकड़ा और उनके पास से देशी शराब के 58 पौवा शराब जब्त की गई। जब्त शराब की कीमत 5800 रुपए आंकी गई। वहीं इस कार्य में प्रयुक्त मोटरसाइकिल जब्त कर आरोपियों के खिलाफ 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। टीआई लखेश केंवट ने बताय पुलिस टीम द्वारा खोखली-सोनबरसा रोड में घेराबंदी कर अवैध रूप से बिक्री करने के लिए शराब ले जाते हुए 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गये आरोपियों में चंदन जांगड़े 23 वर्ष और रमेश्वर जांगडे 21 वर्ष निवासी ग्राम सोनबरसा शामिल हैं।

### विपश्यना ध्यान परिचय कार्यक्रम पलारी में 20 को

**पलारी।** समाज के प्रबुद्ध वर्ग अध्यापकों को विपश्यना ध्यान के विविध आयामों से परिचित कराने के लिए एवं आनापान ध्यान के व्यवहारिक अभ्यास से जोड़ने 20 जुलाई को सुबह 10 से 12 बजे विपश्यना ध्यान परिचय विषय पलारी के शिक्षक सदन में आयोजित किया गया है। समस्त शिक्षक संघ पलारी के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में सीताराम साहू, छत्तीसगढ़ में विपश्यना ध्यान के क्षेत्रीय आचार्य, विषय विशेषज्ञ होंगे। इसके अंतर्गत भारत के समृद्ध विरासत विपश्यना ध्यान का शिक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका, पतंजलि योग के आलोक में विपश्यना ध्यान, शास्त्र एवं संतों के वाणी में विपश्यना के संबंध जानकारी का समावेश किया गया है। इसके व्यावहारिक अभ्यास, वयस्कों के लिए दस दिवसीय विपश्यना ध्यान शिविर 8 से 15 वर्ष के विद्यार्थियों के लिए आनापान ध्यान शिविर, 15 से 19 वर्ष के किशोर एवं किशोरियों के लिए किशोर विपश्यना ध्यान शिविर के बारे में जानकारी देंगे। इसके साथ ही विपश्यना ध्यान के प्रथम सोपान आनापान ध्यान का अभ्यास करवाएंगे।

### ज्वेलरी शॉप से 90 हजार की चोरी

**महासमुंद।** ग्राम भोरिंग स्थित एक ज्वेलरी शॉप से 90 हजार के सोने-चांदी के सामानों की चोरी के मामले में तुमगांव थाने में अज्ञात आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया है।

## बरसात : स्कूल रही बंद, अस्पताल मार्ग पर भरा पानी, आवागमन ठप

# कौआडीह नाले में बाढ़ गांव टापू में तब्दील



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

जिले के पलारी ब्लॉक स्थित ग्राम कौआडीह में मंगलवार की रात बारिश ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया। दोनों तरफ से कौआडीह नाले से घिरे इस गांव में रात में मूसलाधार बारिश से नाले का जलस्तर खतरनाक स्तर तक पहुंच गया। बाढ़ से इससे वटगन-खरतोरा मार्ग पूरी तरह बंद रहा। सड़कों पर दो से तीन फीट ऊंचा पानी बह रहा था। बाढ़ से वाहनों का आवागमन पूरी तरह रुक ठप रहा। गांव टापू में तब्दील हो गया।

पानी भरी सड़कों के कारण स्कूल बंद रही। शिक्षक और छात्र स्कूल नहीं पहुंच पाये। गांव में स्थायी स्वास्थ्य केंद्र नहीं है। नजदीकी अस्पताल का रास्ता भी ▸▸ शेष पेज 12 पर



### खेतों में भरा पानी, धान के रोपे को पहुंचा नुकसान

गांव के अधिकांश लोग धान की खेती पर निर्भर हैं। लगातार बारिश और नाले के उफान से खेत जलमग्न हो गए हैं। कई किसानों की फसलें बर्बाद हो चुकी हैं। इससे उनकी आर्थिक स्थिति प्रभावित हुई है। स्थानीय किसानों का कहना है कि उन्होंने इस साल अच्छी फसल की उम्मीद की थी, लेकिन बारिश ने सब कुछ नष्ट कर दिया। गांव के लोगों ने बताया कि यह समस्या हर साल बारिश के मौसम में आती है, लेकिन प्रशासन की ओर से कोई स्थायी समाधान नहीं किया गया है।

### लगातार बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त

पलारी। क्षेत्र में पिछले कई दिनों से हो रही लगातार मूसलाधार बारिश ने जनजीवन पूरी तरह से अस्त-व्यस्त कर दिया है। खेतों से लेकर रास्तों तक हर जगह पानी ही पानी नजर आ रहा है। गांवों को जोड़ने वाली मुख्य सड़कें जलमग्न हो चुकी हैं, तो वहीं कई छोटे-बड़े नाले उफान पर हैं। सबसे अधिक प्रभावित मार्ग बगदई-दतान से पलारी जाने वाला मुख्य संपर्क मार्ग है, जो बारिश के चलते अब लोगों के लिए संकट का रास्ता बन चुका है। इस मार्ग में पड़ने वाला बगदई नाला भारी बारिश के कारण उफान पर है। बरसात के समय इस नाले में पानी इस कदर भर जाता है कि पुलिया पूरी तरह डूब जाती है। लोगों को जान जोखिम में डालकर तेज बहाव पार करना पड़ रहा है। स्कूली बच्चों, बुजुर्गों, महिलाओं और मरीजों को सबसे ज्यादा कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।



# बिजली दरों में वृद्धि का कांग्रेस ने किया विरोध



हरिभूमि न्यूज ▸▸| सिमगा

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा प्रदेश में भाजपा सरकार द्वारा विद्युत दरों में लगातार वृद्धि किए जाने का विरोध करते हुए कांग्रेस भवन से रैली निकालकर कनिष्ठ यंत्री विद्युत मंडल को राज्यपाल के नाम बढ़ी हुई विद्युत दरों को वापस लेने के लिए ज्ञापन सौंपा। कार्यक्रम के प्रभारी तुलसीराम वर्मा ने कांग्रेस भवन में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ विद्युत नियामक आयोग ने हाल ही में सभी श्रेणियों के उपभोक्ताओं के लिए बिजली दरों में औसतन 1.89 प्रतिशत की वृद्धि को मंजूरी दी है, यह नई दरें 1 जुलाई से प्रभावित हो चुकी है। इस निर्णय का असर सीधे तौर पर राज्य के लाखों उपभोक्ताओं पर पड़ेगा। विधायक प्रतिनिधि शैली भाटिया ने बताया भाजपा सरकार लगातार बिजली दरों में वृद्धि कर रही है, जिससे आम उपभोक्ता और किसान परेशान है, जब कांग्रेस की सरकार थी तब बिजली उपभोक्ताओं को 50 प्रतिशत सब्सिडी दी जाती थी, जबकि सरकार लगातार बिजली दर बढ़ाकर आम जनता पर बोझ डाल रही है। ब्लॉक अध्यक्ष डॉ. केके नायक ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कोयला और बिजली बनाने की सबसे बड़ी यूनिट हमारे प्रदेश में है फिर भी यहां की विद्युत दरों में बढ़ोतरी सरकार की नाकामी है। गांव में जनता अघोषित बिजली कटौती से परेशान रहती है और उस पर विद्युत दरों में बढ़ोत्तरी से उनका बजट भी गड़बड़ा रहा है। सभा के पश्चात कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस भवन से पैदल मार्च निकालकर कनिष्ठ अभियंता देवांगन को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। इसमें बढ़े हुए विद्युत दर आदेश को वापस लेने का निवेदन किया। कार्यक्रम में ▸▸ शेष पेज 12 पर

■ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा

# दिनों दिन बढ़ रही चाकूबाजी की घटना, शराब में डूब रहा प्रदेश

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार



छत्तीसगढ़ राज्य कृषक कल्याण बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा ने प्रदेश की कानून व्यवस्था और जनहित नीतियों पर भाजपा सरकार को आड़े हाथों लिया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में इन दिनों चाकूबाजी की घटनाएं बेतहाशा बढ़ गई हैं और कानून व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है। उन्होंने बलौदाबाजार जिले की ताजा घटना का जिक्र करते हुए कहा कि शराब माफियाओं के खिलाफ बोलने पर एक जनप्रतिनिधि, ग्राम गैतरा के सरपंच को चाकू मार दिया गया, यह बेहद गंभीर और चिंताजनक घटना है। सरकार को इन घटनाओं पर गंभीरता से सोचना चाहिए। सुरेंद्र शर्मा ने कहा कि प्रदेश में अब यह अंदाज़ा लगाना मुश्किल हो गया है कि कौन कब किसे चाकू मार देगा। ऐसी स्थिति पहले कभी नहीं देखी गई। उन्होंने भाजपा सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि देश के इतिहास में शायद यह पहली बार हो रहा है जब सरकार शराब के दाम घटा रही है, जबकि ▸▸ शेष पेज 12 पर

■ अनेक मुद्दों पर सुरेंद्र शर्मा ने प्रदेश सरकार पर लगाये आरोप

# यातायात जागरूकता अभियान चलाया, निकाली हेलमेट रैली

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भाटापारा

शहर में यातायात जागरूकता हेलमेट रैली का आयोजन किया गया। इस दौरान हेलमेट रैली का प्रतिनिधित्व पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता द्वारा किया गया। उन्होंने स्वयं हेलमेट पहनकर एवं स्कूटी चलाते हुए शहर का भ्रमण कर लोगों से दोपहिया वाहन चालन के दौरान हेलमेट पहनने की अपील की। इस रैली का मुख्य उद्देश्य हेलमेट के प्रति जागरूकता लाना एवं अधिक से अधिक लोगों को हेलमेट पहनने के लिए प्रेरित करना है। कार्यक्रम के दौरान अस्पताल चौक भाटापारा में दोपहिया वाहन में हेलमेट धारण नहीं करने एवं यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले कुल 11 वाहन चालकों का चालान काटा गया। इसके साथ ही भावना गुप्ता द्वारा वाहन चालकों को हेलमेट भी वितरण किया गया। पुलिस टीम द्वारा हेलमेट जागरूकता रैली का आयोजन कर भाटापारा शहर में प्रमुख मार्ग एवं चौक चौराहों का भ्रमण किया एवं लोगों से मोटरसाइकिल चालन के दौरान अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनने की अपील की।



# आत्मानंद स्कूल का प्राचार्य खूबचंद निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अर्जुनी

जिला मुख्यालय से महज 12 किलोमीटर दूर बलौदाबाजार विकासखंड के ग्राम अर्जुनी के स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी-हिंदी माध्यम स्कूल में एडमिशन के नाम पर प्रभारी प्राचार्य खूबचंद सरसिहा पर रिश्वत लेने जैसे कई अन्य गंभीर आरोपों की जांच जनप्रतिनिधियों एवं पालकों के समक्ष जिला शिक्षा अधिकारी विकासखंड शिक्षा अधिकारी द्वारा की गई। जांच में प्राचार्य पर रिश्वत लेने जैसे आरोप सिद्ध हुए। जिसकी प्रमुखता के साथ हरिभूमि में समाचार प्रकाशित किया गया था। समाचार प्रकाशन के बाद अंततः रिश्वत कांड में बड़ी कार्रवाई करते हुए लोक शिक्षण संचालनालय छत्तीसगढ़ संचालक ऋतुराज रघुवंशी द्वारा प्रभारी प्राचार्य को निलंबित करते हुए विकासखंड शिक्षा अधिकारी कसडोल में अटैच किया गया है।

■ एडिमिशन के नाम पर रिश्वत लेने का मामला सामने आने पर लोक शिक्षण संचालनालय ने की कार्रवाई





वहीं जनभागीदारी अध्यक्ष चित्ररेखा साहू पर भी एडमिशन के नाम पर रिश्वत लेने का आरोप लगाए गए हैं। जिसकी पुष्टि एक महिला पालक द्वारा की गई। अब देखना यह होगा कि छत्तीसगढ़ सरकार मनोनीत जनभागीदारी अध्यक्ष चित्ररेखा साहू पर क्या कार्रवाई करती हैं।

विदित हो कि स्थानीय आत्मानंद अंग्रेजी हिंदी माध्यम स्कूल में एडमिशन लेने के नाम पर रिश्वत प्रभारी प्राचार्य खूबचंद सरसिहा और जनभागीदारी अध्यक्ष चित्ररेखा साहू द्वारा लिया जा रहा है कि शिकायत पालकों द्वारा स्थानीय जनपद सभापति वेदेश्वरी त्रिलोक यादव से की गई थी। इसकी जानकारी सभापति द्वारा संबंधित विभाग के अधिकारियों को दी गई। अधिकारियों के संज्ञान में आने के ▸▸ शेष पेज 12 पर

## एनएचएम संविदा कर्मियों का सातवें दिन भी विरोध जारी

# कोरोना योद्धाओं की उपेक्षा, कर्मचारियों ने निकाली ताली-थाली रैली

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार



छत्तीसगढ़ के राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के अंतर्गत कार्यरत 16 हजार संविदा स्वास्थ्यकर्मियों ने अपनी 10 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदेशव्यापी चरणबद्ध आंदोलन के सातवें दिन मंगलवार को अनोखे अंदाज में प्रदर्शन किया। सभी 33 जिला मुख्यालयों में ताली और थाली बजाकर विरोध जताया और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन कलेक्टर को सौंपा।

स्वास्थ्य कर्मियों की प्रमुख मांगों में नियमितीकरण, नौकरी की सुरक्षा, ग्रेड पे, 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि, मेडिकल बीमा, अनुकंपा नियुक्ति सहित अन्य मूलभूत सुविधाएं शामिल हैं। कर्मचारियों का कहना है कि ये मांगें विगत दो दशकों से लंबित हैं और अब तक सरकारों ने सिर्फ आश्वासन ही दिए हैं। बलौदाबाजार जिला एनएचएम अध्यक्ष डॉ. रविशंकर दीक्षित ने बताया कि जिले में लगभग 550 संविदा कर्मचारी कार्यरत हैं, जो वर्षों से सेवा शर्तों में सुधार, समान कार्य के लिए समान वेतन और स्थायित्व की मांग करते आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि जल्द मांगें पूरी नहीं की गई तो अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचेगा, जिसकी जिम्मेदारी सरकार की होगी। कर्मचारियों ने बताया कि कोरोना महामारी के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 'कोरोना वॉरियर' कहकर सम्मानित किए गए। वहीं कर्मी आज सरकार की उपेक्षा का शिकार हैं। तब पूरे देश में उनके लिए ताली और थाली बजी थी, लेकिन अब वे खुद अपने हक के लिए ताली-थाली बजाने मजबूर हैं। प्रदर्शन की श्रृंखला में 10 जुलाई को सभी विधायकों को ज्ञापन सौंपा गया। 11 जुलाई को भाजपा जिला अध्यक्ष को ज्ञापन दिया गया। 12 से 15 जुलाई तक काली पट्टी लगाकर कार्य किया गया। 16 जुलाई को जिला स्तर पर धरना रैली का आयोजन हुआ। 17 जुलाई को रायपुर विधानसभा घेराव की तैयारी है। इस विरोध प्रदर्शन में गंगाराम धीवर, नरेंद्र वर्मा, यशवंत पटेल, मंजू साहू, आलोक दुबे, दीपिका साहू, राजेश डहरिया, गौतम साहू, विकास जायसवाल, राकेश वर्मा, डोमन मानिकपुरी, लिकेश्वर साहू, दिनेश डांडे और शिवांगी शास्त्री समेत सैकड़ों कर्मचारी शामिल रहे।



बालाजी प्रा. आई.टी.आई
ITI BHATAPARA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
सिद्ध बाबा रोड (रेलवे गेट के पास) भाटापारा
89595-93918 • 98261-76302

## खबर संक्षेप

### इंजीनियर भर्ती परीक्षा के प्रवेशपत्र जारी

**रायपुर।** व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा इंजीनियर भर्ती परीक्षा के प्रवेशपत्र जारी कर दिए गए हैं। जल संसाधन विभाग के अंतर्गत सिविल तथा विद्युत-यांत्रिकी उप अभियंता के रिक्त पदों पर इस भर्ती परीक्षा के माध्यम से नियुक्ति होगी। व्यापम द्वारा लागू किए गए ड्रेस कोड तथा परीक्षा संबंधित अन्य नियम 20 जुलाई को आयोजित होने वाले इस भर्ती परीक्षा से लागू होंगे। इसके लिए व्यापम ने विशेष दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं।

### बीएएलएलबी की प्रवेश सूची जारी

**रायपुर।** रविवि अध्ययनशाला में संचालित बीएएलएलबी के लिए प्रवेश सूची जारी कर दी गई। जिन छात्रों के नाम सूची में हैं, उन्हें 18 जुलाई तक विधि विभाग में संपर्क कर आवश्यक दस्तावेज जमा करने होंगे। छात्रों की सूची सहित प्रवेश के लिए आवश्यक दस्तावेज भी रविवि ने साझा किए हैं। किसी तरह की समस्या होने पर छात्र हेल्पडेस्क में संपर्क कर सकते हैं।

### जिला अस्पताल में थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के लिए शिविर 18 को

**रायपुर।** कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के नेतृत्व में जिला अस्पताल पंडरी में थैलेसीमिया पीड़ितों के लिए 18 जुलाई को विशेष कैंप का आयोजन किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश चौधरी ने बताया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य यह है कि स्थानीय लोगों में थैलेसीमिया, इसकी रोकथाम और अस्थि मज्जा प्रत्यारोपण के माध्यम से उपलब्ध उपचार के बारे में जागरूकता पैदा करनी है। शिविर में निशुल्क एचएलए परीक्षण और विशेष चिकित्सा परामर्श तथा उपचार की व्यवस्था रहेगी। यदि आवश्यक हो तो रोगियों और परिवारों को आगे की देखभाल और उपचार विकल्पों के बारे में मार्गदर्शन दिया जाएगा। शिविर में जिला अस्पताल पंडरी के विशेषज्ञ डॉक्टर एवं फोर्टिस मेमोरियल इंस्टिट्यूट गुरुग्राम के विशेषज्ञ डॉ. विकास दुआ अस्थि, मज्जा प्रत्यारोपण विशेषज्ञ डॉ. परमिंदर पाल सिंह, रक्त विकार विशेषज्ञ एवं ऑनकोलॉजिस्ट क्रॉस फाउंडेशन रायपुर की टीम द्वारा किया जाएगा।

### विद्यार्थियों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 की दी जानकारी

**रायपुर।** कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के पुनः उन्मुखीकरण पर सोमवार को कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य विश्वविद्यालय में लागू स्नातक पाठ्यक्रमों में नई शिक्षा नीति की एक वर्ष की सफलता और आवश्यक सुधारों पर विचार-विमर्श करना था। इस मौके पर विश्वविद्यालय के कुलपति एवं संभागायुक्त महादेव कावरे ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति न केवल नए रोजगार के अवसर पैदा करेगी, बल्कि युवाओं को उनकी स्थानीय ज्ञान एवं परंपरा से जोड़ने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने कहा कि एनईपी 2020 छात्रों को केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं रखेगी।

### निगम में ईई का नवीन पदस्थापना आदेश

**रायपुर।** निगम आयुक्त विश्वदीप ने सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से मंगलवार को आदेश जारी कार्यपालन अभियंताओं की नवीन पदस्थापना की है। इसके अंतर्गत जोन 10 के कार्यपालन अभियंता दिनेश सिन्हा को जोन 6, जोन 6 प्रभारी कार्यपालन अभियंता अतुल चोपड़ा को जोन 10 भेजा गया है। मुख्यालय कार्यपालन अभियंता शरद ध्रुव को जोन को जोन 9, नगर निगम मुख्यालय कार्यपालन अभियंता अंशुल शर्मा सीनियर जोन 9 और जोन 10 कार्यपालन अभियंता आशीष शुक्ला को मुख्यालय विद्युत विभाग का कार्य सौंपा गया है। जोन 1 के कार्यपालन अभियंता गजानंद कंवर अब मुख्यालय में उद्यान, संस्कृति, खेलकूद और युवा कल्याण विभाग का कार्य, जोन 9 के कार्यपालन अभियंता पदमाकर श्रीवास को जोन 8 कार्यपालन अभियंता पद पर नवीन पदस्थापना आदेश जारी किया है। आयुक्त की ओर से जारी यह प्रशासनिक आदेश तत्काल प्रभावशील हो गया है।

# ओपन विवि : कुलपति के लिए मिली थी 76 अर्जी, 10 को साक्षात्कार के लिए बुलावा, इनमें मात्र 2 प्रदेश के

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पं.सुंदरलाल शर्मा मुक्त विवि को इस माह नया कुलपति मिल सकता है। कुलपति चयन की प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है। केवल राजभवन से नामों की घोषणा शेष है। बिलासपुर स्थित प्रदेश के एकमात्र शासकीय ओपन विवि के लिए 7 मई तक आवेदन मांगे गए थे। इसके लिए 76 आवेदन प्राप्त हुए। आवेदनकर्ताओं में प्रदेश के विश्वविद्यालयों में सेवाएं दे रहे प्राध्यापकों के साथ अन्य प्रदेशों के प्रोफेसर और कुलपति भी शामिल रहे। प्राप्त आवेदनों में से 10 का चयन साक्षात्कार के लिए किया गया था। इन कैंडिडेट्स का साक्षात्कार 28 जून को हुआ। पॉवर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से उम्मीदवारों ने विश्वविद्यालय के लिए अपनी रणनीति बताई। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार, जिन 10 उम्मीदवारों को साक्षात्कार के लिए बुलाया गया था, उनमें से मात्र 2 प्राध्यापक ही छग से हैं। शेष दूसरे राज्यों के हैं। ओपन यूनिवर्सिटी का जिम्मा फिलहाल संभागायुक्त, बिलासपुर संभाल रहे हैं। अन्य विश्वविद्यालयों की तरह ओपन विवि में भी राष्ट्रीय शिक्षा नीति विभिन्न चरणों में आयोजित की जा रही है। कुलपति का पद रिक्त होने के कारण कई तरह की जटिलताएं इसमें आ रही हैं।

## 7 मई तक मांगे गए थे आवेदन, 28 जून को हुआ इंटरव्यू

### जो कहीं कुलपति, वे उम्मीदवार रेस से बाहर

ऐसे उम्मीदवार जो वर्तमान में किसी विवि में कुलपति के पद पर कार्यरत हैं, उनका चयन साक्षात्कार के लिए नहीं किया गया। इन्हें पहले ही रेस से बाहर कर दिया गया था। कुलपति चयन की प्रक्रिया में यह बदलाव पिछली कुछ नियुक्तियों से किया जा रहा है ताकि नए व्यक्ति के अनुभव और कार्यशैली का लाभ छात्रों को मिल सके। बीते दिनों राज्य में हुई कुलपति भर्तियों में से अधिकतर में यह पैटर्न अपनाया गया था। सूत्रों के अनुसार, जिन 10 लोगों को इंटरव्यू के लिए बुलाया गया था, उनमें से सभी वर्तमान में प्राध्यापक पद पर सेवाएं दे रहे हैं।



### इन्होंने किया था आवेदन

जिन 76 उम्मीदवारों ने आवेदन किया था, उनमें रायगढ़ विवि के कुलपति डॉ.ललित पटेरिया, अंबिकापुर विवि के प्रो.श्रीवास्तव, गुहावटी विवि की भारती दास, पं.रविशंकर शुक्ल विवि के प्रो.शम्स परवेज सहित मैनेजमेंट डिपार्टमेंट के एक प्राध्यापक का नाम शामिल है। छग के जिन दो प्राध्यापकों को साक्षात्कार के लिए बुलाया गया है, उनमें एक रविवि से हैं।

# कलेक्टर ने किया स्कूल, आंगनबाड़ी, इंजेक्शन वेल और पीएम जनमन आवास का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

महासमुंद विकासखंड के ग्राम बनपचरी में कलेक्टर विनय लंगेह द्वारा विभिन्न शासकीय योजनाओं और संस्थाओं का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र, शासकीय विद्यालय, इंजेक्शन वेल और प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना के अंतर्गत निर्मित आवासों का जायजा लिया। ग्राम बनपचरी में आंगनबाड़ी केंद्र के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने वहां उपलब्ध सुविधाओं, पोषण आहार की गुणवत्ता, बच्चों की उपस्थिति, टीकाकरण और स्वच्छता की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया कि बच्चों को समय पर गर्म भोजन, साफ-सफाई और पोषण से भरपूर आहार सुनिश्चित कराया जाए। कलेक्टर ने केंद्र में कुपोषित बच्चों की जानकारी ली। साथ ही देने वाले गरम भोजन की भी जानकारी ली। उन्होंने गर्भवती माताओं को नियमित पूरक पोषण आहार वितरण की भी जानकारी ली। साथ ही पंजी संधारण करने के निर्देश दिए। पश्चात कलेक्टर ने शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल और प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने कक्षाओं में जाकर शिक्षण कार्य की वास्तविक स्थिति का जायजा लिया तथा विद्यार्थियों से संवाद भी किया। शिक्षकों की



उपस्थिति, छात्र-छात्राओं की उपस्थिति, शिक्षण सामग्री की उपलब्धता एवं भौतिक अधोसंरचना की स्थिति की भी उन्होंने जानकारी ली। कलेक्टर ने बच्चों से संवाद करने के दौरान कहा कि मोबाइल का कम से कम उपयोग करें। उन्हांने जीवन में पढ़ाई के महत्व को बताते हुए कहा कि कठिन मेहनत और लगन का कोई विकल्प नहीं है। वर्तमान में नींव मजबूत होगा तभी भवन टिक सकेगा। विद्यार्थियों से आत्मीय संवाद करते हुए अपने अनुभव भी साझा किए। तत्पश्चात निर्माणाधीन प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को दिए गए मकानों का अवलोकन करते हुए कलेक्टर ने निर्माण की गुणवत्ता और आवास में मूलभूत सुविधाओं की उपस्थिति की जांच की। उन्होंने निर्देश दिए कि अधूरे कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण किया जाए। इस दौरान महिला समूहों को सेंट्रिंग प्लेट व्यवसाय देने के लिए निर्देश दिए। इस दौरान ग्राम में उन्होंने जनभागीदारी से जल संरक्षण के तहत बनाए गए इंजेक्शन वेल का निरीक्षण भी किया। उपस्थित ग्रामीणों को जल संरक्षण के आसान उपयों को अपनाने के लिए सुझाव दिए। कलेक्टर ने कहा कि अपने घरों के आसपास सोख्ता गड्ढा अवश्य बनाएं और बंद पड़े बोर को इंजेक्शन वेल के रूप में तब्दील करें। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ एस. आलोक, जनपद पंचायत सीईओ बीएस मांडवी, ग्राम सरपंच सहित अन्य स्थानीय अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। कलेक्टर ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे नियमित रूप से फील्ड में जाकर कार्यों की प्रगति पर नजर रखें और योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने ग्रामीणों से भी संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को आवश्यक समाधान के लिए निर्देश दिए।

### युवती से मारपीट मोबाइल छीना

**महासमुंद।** मोबाइल छीन कर युवती से मारपीट करने के मामले में आरोपी के खिलाफ बसना थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। प्रार्थिया पूजा वैष्णव निवासी ग्राम हाड़ापथरा ने बताया कि 14 जुलाई को वह घर पर अकेली थी और उसके माता-पिता ग्राम बरोली बाजार गये थे। शाम करीबन 6 बजे गांव का हेमकुमार बरिहा आया और उस पर चिल्लाते हुए बोला कि तेरी मां कहां है उससे बात कराओ तब वह अपने मोबाईल से अपनी मां को फोन लगाकर बात कराई। उसके बाद हेमकुमार बरिहा उसके मोबाईल को लेकर जाने लगा, जब उसने अपने मोबाइल को वापस मांगा तो आरोपी हेमकुमार बरिहा ने वाद विवाद कह कहा कि तेरी मां पैसा लग रही है, जब पैसा वापस देगी तब मोबाइल को दूंगा कहकर अपने घर चला गया। प्रार्थिया जब अपना मोबाइल लेने के लिए हेमकुमार के पीछे-पीछे उसके घर गयी तो आरोपी ने गाली गलौच कर थप्पड़ से मारा व जान से मारने की धमकी दी। बाद में जब उसकी मां आई तो उसके साथ भी आरोपी ने गाली गलौज किया। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 115(2), 296, 351(2) के अंतर्गत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

# शिवसेना ने मनाया 41वां स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हथबंद

14 जुलाई को छत्तीसगढ़ शिवसेना ने अपने 41वें स्थापना दिवस पर राज्य प्रमुख धनंजय परिहार के निर्देशन पर बलौदाबाजार जिला इकाई द्वारा विभिन्न सामाजिक एवं सेवा कार्यों के साथ कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर शिव सैनिकों ने स्थापित त्रिशूल की पूजा-अर्चना कर प्रसाद का वितरण किया। इसके बाद जिले के अस्पतालों में मरीजों को फल और बिस्कुट वितरित कर उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। प्रदेश सचिव ईश्वर प्रसाद निषाद ने पत्रकारों से चर्चा में बताया कि /"छत्तीसगढ़ में शिवसेना 1984 से लगातार राष्ट्रहित, राज्यहित और हिंदू हितों की रक्षा करते हुए सक्रिय है। स्थापना दिवस के अवसर पर



प्रदेशभर में शिव सैनिक गौसेवा, अस्पतालों में मरीजों को फल-बिस्कुट वितरण, विद्यार्थियों को कॉपी-पेन, पौधारोपण, सार्वजनिक स्थलों की सफाई, रक्तदान जैसे पुनीत कार्य करते हुए धूमधाम से यह दिन मनाते हैं। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष कृष्ण कुमार यादव, महासचिव बद्री प्रसाद वर्मा, उपाध्यक्ष डॉ. एवन टंडन, सुरज घृतलहरे, सचिव खिलेंद्र सेन, दीपक वर्मा, कसडोल विधानसभा उपाध्यक्ष दिनेश घृतलहरे, भाटापारा विधानसभा उपाध्यक्ष सनत देवांगन, पलारी ब्लाक उपाध्यक्ष ओमप्रकाश घृतलहरे, किसान सेना जिला सचिव मनोज यादव, तिल्दा-नेवरा ब्लॉक उपाध्यक्ष छोटू यादव, शक्ति केंद्र अध्यक्ष परमानंद यदु, शहर अध्यक्ष पंकज यादव सहित अनेक शिव सैनिक उपस्थित रहे।

# वनांचल क्षेत्र सूरबाय में मनाया गया वन महोत्सव, पर्यावरण बचाने की ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

विकासखंड के बल्दाकछार वन परिक्षेत्र के दूरस्थ वनांचल क्षेत्र ग्राम सूरबाय में बुधवार को वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के तत्वावधान में वन महोत्सव का आयोजन किया गया। इस आयोजन में वन विभागीय अमले, स्थानीय जनप्रतिनिधियों, ग्रामवासियों, स्कूली बच्चों एवं शिक्षकों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। इस अवसर पर इमली, आंवला, आम एवं गंगा इमली जैसे 50 फलदायी पौधों का रोपण विद्यालय परिसर और गौठान में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 11 बजे हुई, जिसमें अतिथियों द्वारा पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता



और ग्राम विकास को लेकर प्रेरक उद्बोधन दिए गए। बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया।

विशेष रूप से कार्यक्रम में सभी प्रतिभागियों ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत पौधे लगाए और उनके संरक्षण का संकल्प लिया। साथ ही, पर्यावरण सुरक्षा को लेकर शपथ दिलाई गई और हस्ताक्षर अभियान के माध्यम से जनजागरूकता की एक नई पहल की गई।

विद्यालय के शिक्षक संतराम अजय ने बताया कि उनके 6 वर्षों के सेवा काल में यह पहला अवसर है, जब सूरबाय जैसे दूरस्थ क्षेत्र में इतना बड़ा आयोजन हुआ है।

कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, पंचों और विभागीय अधिकारियों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। प्रमुख अतिथियों में जनपद सदस्य प्रतिनिधि लक्ष्मीनारायण ठाकुर, सरपंच पाड़ादाह पंचराम बरिहा. पंचगण श्रीमती मालती बरिहा, ज्योति बाई एवं रामेश्वर केवंट, वन प्रबंधन समिति सूरबाय के अध्यक्ष रामगोपाल बरिहा, सैयाभांठा अध्यक्ष अश्वनी कैवर्त आदि मौजूद थे।

# ओपन एग्जाम के लिए स्कूलों को देना होगा इन्फ्रास्ट्रक्चर और लॉजिस्टिक सपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ओपन स्कूलिंग की परीक्षा के लिए विद्यालयों द्वारा एनआईओएस अर्थात नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ ओपन स्कूलिंग को परीक्षा केंद्र, इन्फ्रास्ट्रक्चर और लॉजिस्टिक सपोर्ट मुहैया कराए जाएंगे। इसके लिए केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने अपने सभी मान्यता प्राप्त स्कूलों से अपील की है। सीबीएसई ने एक सर्कुलर जारी करते हुए स्कूल प्रिंसिपलों और संस्थान प्रमुखों को निर्देश दिया है कि वे कि वे नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ ओपन स्कूलिंग के आगामी सार्वजनिक इम्तिहानों में पूरी तरह से सहयोग करें। कई स्कूलों द्वारा अपने भवन को परीक्षा केंद्र के




■ 12वीं की पूरक परीक्षाएं समाप्त 10वीं की 22 जुलाई तक

रूप में प्रदान नहीं करने सहित कई तरह की शिकायतें समय-समय पर मिलती रही हैं। इन शिकायतों को देखते हुए सीबीएसई ने यह सर्कुलर जारी किया है, ताकि ओपन स्कूलिंग के जरिए पढ़ाई करने वाले विद्यार्थियों को परीक्षा केंद्र सहित अन्य सुविधाएं प्रदान करने में सुविधा हो।

### पूरक परीक्षाएं प्रारंभ

सीबीएसई की कक्षा 10वीं और 12वीं की पूरक परीक्षाएं मंगलवार से शुरू हो गई हैं। 12वीं के सभी विषयों की पूरक परीक्षा एक ही दिन में आयोजित की गई, जबकि 10वीं की पूरक परीक्षाएं 22 जुलाई तक चलेंगी। प्रवेश पत्र अपलोड करने के अलावा केंद्रों पर परीक्षा सामग्री पहुंचाई जा चुकी है। रीडिंग के लिए 15 मिनट का समय दिया गया। परीक्षा केंद्र पर कम्युनिकेशन डिवाइस सहित अन्य चीजों पर प्रतिबंध रहा। छात्रों को समय से 30 मिनट पहले परीक्षा केंद्र पर पहुंचने कहा गया था, ताकि जांच सहित अन्य गतिविधियां सुचारू रूप से हो सके।



# पड़कीडीह-रवेली-रावन-हिरमी मार्ग गड्ढे में तब्दील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुहेला

पड़कीडीह से रवेली, रावन होते हुए हिरमी तक का मुख्य मार्ग अब जानलेवा बन चुका है। 4 से 5 फीट गहरे गड्ढों से भरा यह रास्ता ग्रामीणों के लिए रोज की मुसीबत का सबब बन गया है। भारी वाहनों की लगातार आवाजाही से सड़क की स्थिति दिन-ब-दिन और भी खराब होती जा रही है, जिससे आमजन का आवागमन बेहद खतरनाक हो गया है।

इस मार्ग का उपयोग स्कूल व कॉलेज के छात्र, किसान, मजदूर, दुकानदार और सीमेंट प्लांट के कर्मचारी प्रतिदिन करते हैं। बरसात के मौसम में सड़क की हालत और भी भयावह हो चुकी है। कीचड़, जलभराव और गहरे गड्ढों के कारण दोपहिया वाहन चालकों और पैदल चलने वालों के लिए यह रास्ता जानलेवा बन गया है।

# फिल्ड में किसानों की समस्याओं का समाधान करें अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

■ कलेक्टर ने अधिक से अधिक किसानों को केसीसी का लाभ दिलाने के निर्देश दिए

कृषि एवं संवर्गीय विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों के लिए एक दिवसीय कार्यशाला सह समीक्षा बैठक का आयोजन बुधवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित की गई। कलेक्टर दीपक सोनी ने विभाग के मैदानी अमलों को फिल्ड में सक्रिय रहने तथा किसानों की समस्या का समाधान कर योजनाओं का लाभ दिलाने के निर्देश दिये।

कलेक्टर ने विगत वर्ष किसान क्रेडिट कार्ड के लिए निर्धारित लक्ष्य व स्वीकृति की जानकारी ली और केसीसी तहत शून्य प्रतिशत व्याज दर पर ऋण का लाभ जिले के अधिक से अधिक किसानों को दिलाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि कृषि विभाग के साथ ही उद्यानिकी, पशुपालन एवं मछलीपालन विभाग निर्धारित लक्ष्य के अनुसार किसानों को केसीसी स्वीकृत कराएं। किसी प्रकार की समस्या हो तो जिला अधिकारी को अवगत कराएं। किसानों से आवेदन लेकर बैंक में जमा कर देने भर से काम समाप्त नहीं हो जाता बल्कि स्वीकृति तक फॉलो अप करें। उन्होंने जिला अधिकारियों को मैदानी अमले पर कड़ी निगरानी रखने और समीक्षा बैठक में कार्यों का गहन समीक्षा करने के निर्देश दिये।

कलेक्टर ने कृषक उन्नति योजना अंतर्गत धान के बदले तिलहन, दलहन की खेती पर आदान सहायता राशि की जानकारी देकर किसानों को प्रोत्साहित करने, ऑयल पाम की खेती, प्रधानमंत्री किसान बीमा योजना अंतर्गत फसल का बीमा कराने के निर्देश दिये। उन्होंने पराली जलाने से रोक पर रणनीति की समीक्षा कराते हुए पराली को पशु चारा के रूप में उपयोग करने तथा किसानों को पराली में जलाने के लिए हतोत्साहित करने कहा।

कार्यशाला में धान के स्थान पर अन्य फसलों की खेती हेतु कृषकों को प्रोत्साहित करने, जिले के कृषकों को प्रमाणित बीज उपलब्ध कराने हेतु अधिक से अधिक संख्या में कृषकों को बीज उत्पादन कार्यक्रम में आवेदन कराने, डीएपी के स्थान पर एनपी के अथवा एसएसपी का उपयोग, संतुलित उर्वरक का उपयोग, नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी के उपयोग को बढ़ावा, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, पीएम किसान सम्मान निधि योजना एवं कृषक उन्नति योजना के क्रियान्वयन के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गई।

इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत दिव्या अग्रवाल, उप संचालक क़ृषि दीपक कुमार नायक, उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं डॉ नरेन्द्र सिंह, सहायक संचालक मछली पालन विनोद कुमार वर्मा, सहायक संचालक उद्यानिकी आभा पाठक सहित अन्य अधिकरी उपस्थित थे।

## पेज 11 के शेष

### कौआडीह नाले...

जलमग्न है। गर्भवती महिलाओं, बुजुर्गों और बीमार व्यक्तियों के लिए यह स्थिति चिंताजनक बनी रही। **ऊंचा पुल बनाने की मांग-** संजय चन्द्राकर, विनय चन्द्राकर, खोमन चन्द्राकर, श्रीराम यादव, राजा घृतलहरे, बनवाली चन्द्राकर, अनिल वर्मा (पंच), महेश साहू, शोभा ध्रुव, कुलेश्वर चन्द्राकर, अशोक चन्द्राकर, गणेश चन्द्राकर (पंच), भेकलाल वर्मा और शिवराम धीवर आदि ग्रामीणों ने मांग की है कि ऊंचा पुल बनाया जाए जो हर साल बाढ़ के समय भी गांव को बाहरी दुनिया से जोड़े रखे। इस मामले में प्रशासन का कहना है कि वे स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं।

### बिजली दरों में...

पार्षद याकूब कुरैशी, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष हिरेंद्र कोसले, पूर्व पार्षद दशरथ चंद्राकर, सुनीता यादव, अयूब खान, रंजीत सोनवानी, रमेश घृतलहरे, मोहन गायकवाड, दाऊराम यदु ,झाड़ू राम साहू, लाला वर्मा, हिम्मत शर्मा, नबी खान ,टीकाराम महिलांग, धन सिंह साहू, युनूस कुरेशी, रघुनाथ नवरंगे, गणेश बांदे, गिरिजा नौबरंगे, बांदेलाल कुर्रे आदि शामिल थे।

### दिनों दिन बढ़...

बिजली और खाद जैसे जरूरी जीवनोपयोगी चीजों के दाम बढ़ा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार छत्तीसगढ़ को शराब में डुबोने का काम कर रही है और युवा पीढ़ी को अंधकार की ओर ले जा रही है। उन्होंने कहा कि अगर सरकार ने कानून व्यवस्था और जनहित के विषयों पर ध्यान नहीं दिया, तो आने वाले समय में जनता को इसका करारा जवाब देगी।

### आत्मानंद स्कूल का...

बाद 14 जुलाई को स्थानीय स्कूल में जांच करने नवपदस्थ जिला शिक्षा अधिकारी संजय गुहे, सहायक संचालक राकेश शर्मा, विकासखंड शिक्षा अधिकारी राजेंद्र टंडन पहुंचे। जांच अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में कई पालकों के द्वारा प्रभारी प्राचार्य खूबचंद सरसिहा पर रिश्वत लेने जैसे कई गंभीर आरोप लगाए गए, जो जांच के दौरान सही पाए गए। जांच प्रतिवेदन के आधार पर कलेक्टर दीपक सोनी के द्वारा प्रभारी प्राचार्य को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया। नोटिस का जवाब संतोषप्रद नहीं पाए जाने के कारण प्रभारी प्राचार्य के निलंबन की अनुशंसा की गई थी। जिस पर लोक शिक्षण संचालनालय संचालक ऋतुराज रघुवंशी के द्वारा प्रभारी प्राचार्य खूबचंद सरसिहा की कृत्य को देखते हुए तत्काल निलंबित किया गया और निलंबन अवधि में उनको विकासखंड शिक्षा अधिकारी कसडोल में अटैच किया गया। जनपद पंचायत सभापति वेदेश्वरी त्रिलोक यादव ने कहा कि प्रभारी प्राचार्य को निलंबित किया गया है किंतु सरकार के छवि को धूमिल करने वाली मनोनीत जनभागीदारी अध्यक्ष चित्ररेखा साहू पर भी कार्यवाही होनी चाहिए। इनके द्वारा भी एडमिशन के नाम पर एक आदिवासी महिला पालक से रिश्वत ली गई है।

# लोकल बाड़ियों से हरी सब्जियों की आवक घटी, बढ़े तेजी से दाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

नगर के सब्जी बाजार में इन दिनों बरसात का असर साफ तौर पर देखने को मिल रहा है। लगातार बारिश के कारण हरी सब्जियों की आवक घट गई है, जिससे थोक और खुदरा बाजार में सब्जियों के दाम आसमान छूने लगे हैं। इस महंगाई का सीधा असर रसोई के बजट पर पड़ा है।

अलग खबर

स्थानीय बाड़ियों से सब्जियों की आपूर्ति काफी कम हो गई है, जिसके कारण अधिकांश सब्जी अब बाहरी क्षेत्रों से मंगाई जा रही है। इसके चलते दामों में तेजी आ गई है और

## टमाटर, शिमला मिर्च और सेमी की कीमत बढ़ी, रसोई में सूखी सब्जियों का उपयोग



**सब्जी भाव**

भिंडी -60 किलो, बरबटी - 50 किलो, फूलगोभी -80 किलो, पत्ता गोभी - 60 किलो, परवल - 80 किलो, शिमला मिर्च- 120 किलो, मूली - 40 किलो, मुनगा - 120 किलो, टमाटर- 50 किलो, सेमी - 200 किलो, हरी मिर्च- 140 किलो, धनिया- 120 किलो ।

उपभोक्ताओं का रुख अब सूखी सब्जियों जैसे आलू, छोले, चना, बड़ी, मंगोड़ी की ओर बढ़ रहा है। स्थानीय किसानों द्वारा लाई जाने वाली भाजियों की आवक भी काफी कम हो गई है, जिससे इनके दाम भी बढ़े हुए हैं। बरसात के इन दिनों में हरी सब्जियों की कमी और बढ़ती कीमतों ने आम लोगों की रसोई का बजट बिगाड़ दिया है। यही स्थिति बनी रही तो आने वाले दिनों में और अधिक परेशानी हो सकती है।

## खबर संक्षेप

### बिजली बिल में वृद्धि और महंगाई का विरोध

**भटगांव**। एक तरफ केन्द्र में बैठी मोदी सरकार महंगाई कम करने में



नाकाम रही है, वहीं दूसरी तरफ छत्तीसगढ़ में बैठी साय सरकार बिजली बिल में बढ़ोतरी कर अतिरिक्त बोझ डालकर आम लोगों को गरीबी के दलदल में डाल रही है। नगर पंचायत भटगांव के पूर्व उपाध्यक्ष एवं वर्तमान पार्षद प्रवेश दुबे ने राज्य की भाजपा सरकार पर कटाक्ष करते कहा है कि सरकार द्वारा बिजली दर में बढ़ोतरी यहां के लाखों विद्युत उपभोक्ताओं और आम जनता के साथ अत्याचार कर रही है। सरप्लस बिजली वाले छ.ग. राज्य में भाजपा सरकार ने अपने डेढ़ साल के कार्यकाल में तीसरी बार बिजली की दर में बढ़ोतरी की है। बिजली दरों में बढ़ोतरी पहले से ही आम लोग महंगाई से परेशान हैं। आम जनता पर अतिरिक्त बोझ डालकर कमजोर किया जा रहा है। प्रवेश दुबे ने कहा है कि प्रदेश सरकार आम जनता को जवाब देना होगा। विद्युत उत्पादन के संबंधित किसी सामग्री पर कोई वृद्धि नहीं की गई है तो बिजली दर में वृद्धि क्यों की गई वह समझ से बाहर है। भाजपा सरकार ने डेढ़ साल के कार्यकाल में कर 20 प्रतिशत बढ़ा दिया है। घरेलू बिजली में 10 से 20 पैसे, कृषि पर 50 पैसे प्रति यूनिट बढ़ोतरी की है।

### पेंशनरों ने देखी विधानसभा की कार्यवाही



**बलौदाबाजार**। बलौदाबाजार विधानसभा के 13 पेंशनर विधायक और मंत्री टंकराम वर्मा के सहयोग से विधानसभा मानसून सत्र के द्वितीय दिवस की कार्यवाही में शामिल हुए। मंत्री ने सभी पेंशनरों के लिए प्रवेश पास एवं कार्यवाही अवलोकन के पश्चात भोजन की व्यवस्था भी की। मंत्री के आत्मीय व्यवहार से छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ बलौदाबाजार एवं भाटापारा के पदाधिकारियों ने प्रसन्नता व्यक्त की। वहीं बुजुर्ग पेंशनर अपने आप को गौरवान्वित महसूस कर रहे थे। उन्होंने विधानसभा परिसर में सामूहिक फोटो भी खिंचवाए। विधानसभा कार्यवाही के लिए उपस्थित पेंशनरों में जिला अध्यक्ष प्रकाश जाधव, संरक्षक जामवंत वर्मा, जिला प्रवक्ता रघुनाथ प्रसाद पटेल, सचिव भूषण लाल बंजारे, नारायण चंद्राकर, सोन चंद वर्मा, आर एन वर्मा, तारण सिंह ठाकुर, दयासागर वर्मा, उपेंद्रनाथ साहू, वेद राम वर्मा, भवानी प्रसाद धुरव एवं खिलावन साहू आदि पेंशनर उपस्थित रहे।

### महिला के साथ मारपीट

**महासमुंद**। महिला के साथ मारपीट करने के मामले में रिपोर्ट के बाद बागबाहरा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है। पुलिस को तेजीबाई पांड़े निवासी ग्राम कंडीझर बोकरामुड़ा ने बताया कि14 जुलाई की दोपहर 3 बजे उसका पति डोमार चक्रधारी शराब पीकर आया और मुझे आवाज देकर घर अंदर बुलाया। जैसे ही वह घर के अंदर गई तो आरोपी ने मेरी मां से गाली गलौज लड़ाई झगड़ा करती है कहकर गाली देने लगा। मेरे द्वारा गाली देने से मना करने पर उसके पति और सास ने गुस्से में आकर हाथ मुक्का से मारपीट करना शुरू कर दिये। मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### निधन

### भुनेश्वर भास्कर

**भवानीपुर**। स्थानीय निवासी भुनेश्वर भास्कर का निधन हो गया।



उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम भवानीपुर के मुक्तिधाम में हुआ। उनके अंतिम संस्कार में आसपास के ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित होकर श्रद्धांजलि अर्पित किए। वे वरिष्ठ नागरिक सुखचरण भास्कर, परमेश्वर भास्कर के छोटे भाई थे।

## मुख्यमंत्री से लगा चुके हैं गुहार, विधायक ने भी लिया था संज्ञान

# 84 बच्चों को पढ़ाती है एक शिक्षिका

# शिक्षक की कमी से जूझ रहा इग्नाइट स्कूल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

विकासखंड में संचालित इग्नाइट स्कूल में शिक्षकों की कमी को लेकर पालक एकजुट होकर विकासखंड अधिकारी कार्यालय कूच किए और ज्ञापन सौंपा। विदित हो कि कसडोल नगर के इग्नाइट स्कूल में पहली से पांचवीं तक की कक्षाओं के बच्चों को केवल एक शिक्षिका के सहारे पढ़ाया जा रहा है। इस स्कूल में बच्चों की दर्ज संख्या कुल 84 है, बच्चों की पढ़ाई प्रभावित न हो, इसके लिए आज पालकों ने संगठित होकर स्कूल शिक्षा विभाग से आग्रह किया कि जल्द से जल्द शिक्षकों की पर्याप्त व्यवस्था की जाए। पालकों का कहना है कि शिक्षा ही बच्चों का भविष्य गढ़ती है और अगर वक्त रहते इस ओर ध्यान नहीं दिया गया, तो आने वाली पीढ़ी अंधकार में चली जाएगी। वही पालकों की यह एकजुटता बताती है कि आज समाज शिक्षा को लेकर जागरूक हो रहा है। अब देखना होगा कि शिक्षा विभाग इस सकारात्मक पहल पर कितनी जल्दी अमल करता है। यदि ऐसा हुआ तो न केवल



इग्नाइट स्कूल के बच्चों का भविष्य संवर जाएगा, बल्कि यह एक मॉडल बन सकता है अन्य स्कूलों के लिए भी। इधर पालकों ने पूर्व में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के पास भी शिक्षक की मांग कर चुके हैं लेकिन अभी तक केवल आश्वासन मिला है। वही बीते दिवस विधायक कसडोल संदीप साहू ने भी स्कूल पहुंचकर निरीक्षण किया था, जिस पर संज्ञान लेकर शिक्षकों की नियुक्ति की बात कहा थी, लेकिन अभी तक बच्चों को शिक्षक नहीं मिल सका है। अब आगे देखना होगा कि नौनिहालों के भविष्य को गढ़ने की



बात कहने वाली सरकार बच्चों के भविष्य को उज्ज्वल बनाता है या एक शिक्षक के मत्थे ही स्कूल की कमान सौपकर अंधकार में डालता है।

**स्कूल मर्ज करने का मामला शासन स्तर का**

*पालक स्कूल को मर्ज करने की बात कह रहे हैं, जो शासन स्तर का मामला है, बाकी स्कूल में पदस्थापना करायी जायेगी।*

*अरविंद ध्रुव*
*विकासखंड शिक्षा अधिकारी, कसडोल*

**शिक्षक की नियुक्ति हो**

*2 वर्षों से एक शिक्षक के भरोसे बच्चे पढ़ रहे हैं, इसलिए हम लोगों ने तत्काल शिक्षक की मांग की है।*

*भुनेश्वर साहू, पालक*

**स्कूल में मैं अकेली शिक्षक हूं**

*मैं अकेली शिक्षिका हूं, इसलिए एक क्लास को पढ़ाती हूं तो दूसरे क्लास के बच्चें आपत्ति करते है, लेकिन फिर भी पढ़ा रही हूं।*

*हरेश्वरी कैवर्त्य*
*शिक्षिका, इग्नाइट स्कूल कसडोल*

## नगर के दुर्गा मंदिर में भगवान शिव का हुआ रुद्राभिषेक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव

नगर पंचायत व क्षेत्र के शिवालयों में प्रथम सोमवार को भगवान शिव की पूजा अर्चना करने एवं जल चढ़ाने के लिए शिव भक्तों की भिड़ देखने को मिली, जहां सुबह से ही शिव मंदिरों में भक्तों का ताता लगा रहा। वहीं बिर्रा मोड़ दुर्गा मंदिर भटगांव में अनुराग एवं पवन दुबे द्वारा शिव भक्तों को विधि विधान से रुद्रा अभिषेक कराया गया। भटगांव के पंचमुखी शिव मंदिर महादेव घाट में सुबह से पूजा अर्चना करने व जल चढ़ाने हेतु भक्तों की भीड़ और लम्बी लाइन लगी रही। सेठ तालाब में स्थित पशुपति नाथ भगवान शिव मंदिर में भी वार्ड 2 के भक्तों द्वारा पूजा अर्चना की गई। वार्ड 1 शिव मंदिर, साईं मंदिर और अन्य शिव मंदिर मे प्रथम सोमवार को बच्चे से लेकर महिला पुरुष एवं बुजुर्ग तक पूजा करते नजर आये। जहां भटगांव के शिव भक्तों ने महानदी सालिहाघाट जल हेतु कावड़ यात्रा करते हुए पैदल पहुंचे, जहां महानदी से जल भरकर बाजे गाजे के साथ 10 किमी पैदल यात्रा कावड़ यात्रा करते हुए पंचमुखी शिव मंदिर पहुंचे और विधि विधान से पूजा अर्चना करते हुए भगवान भोलेनाथ को जल चढ़ाकार सबके सुख शांति की कामना की।नगर पंचायत भटगांव के दुर्गा मंदिर में सुशील सरिता गुप्ता, धनंजय दिव्या साहू, शिव साहू, योगेश यादव इत्यादि ने रुद्रा अभिषेक में हिस्सा लेकर विधिवत भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना किये।

■ शिवालयों में शिव भक्तों की उमड़ी भीड़

## बच्चों का पदचिन्ह लेकर मनाया प्रवेशोत्सव

**पलारी**। नगर के प्राथमिक शाला कानाकोट में बालवाड़ी एवं कक्षा पहली में नवप्रवेशी बच्चों के लिए



विद्या प्रवेश उत्सव का आयोजन सरपंच चांदनी बांधे, उपसरपंच संतोषी ध्रुव, शाला समिति अध्यक्ष उमा पैकरा, उपाध्यक्ष हरि बघेल, पंच काजल बांधे ,शाला समिति सदस्य अंगद राम ध्रुव, सेवानिवृत प्रधान पाठक और पालकों, बच्चों के माताओं की उपस्थिति में किया गया। सभी नव प्रवेशी बच्चों का आरती उतारकर तिलक लगाकर,पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया एवं सभी नवप्रवेशी बच्चों के पदचिन्ह लेकर मुंह मीठा कराकर शाला प्रवेश कराया गया। सभी बच्चों के पद चिन्ह इस भाव से लिया गया कि वे सभी शिक्षा सेवा सम्मान और सफलता की ओर आगे बढ़े। सभी बच्चों एवं पालकों का स्वागत प्रधान पाठक भूमिका कुर्रे, शिक्षक सुनीता साहू, कान्हा साहू अतिथि शिक्षिका चांद सायतोड़े, संतोषी भारती द्वारा किया गया। पश्चात शासन द्वारा प्राप्त पाठ्य पुस्तक का वितरण अतिथियों द्वारा किया गया और सभी बच्चों को प्रतिदिन शाला आने हेतु प्रेरित किया गया। पाठ्य पुस्तक के साथ ही शाला परिवार द्वारा कक्षा पहली, दूसरी के बच्चों को निःशुल्क गिनती, अल्फाबेट, हिंदी वर्णमाला चार्ट और तीसरी से पांचवीं के बच्चों को पहाड़ा चार्ट वितरण किया गया, जिससे वे घरों में पढ़ाई करे। शाला प्रवेश उत्सव को अभिनव तरीके से आयोजित करने के लिए सभी ने शाला परिवार की प्रशंसा की। कार्यक्रम में ग्राम सरपंच प्रतिनिधि लल्लन बांधे, पंचगण, शाला समिति के सदस्य, पालकों को शासन द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दिया गया।



## नवागांव सर्कल में मनाया गया वन महोत्सव

**कसडोल**। मानसून के दौरान जिले में चल रहे वन महोत्सव कार्यक्रम के अन्तर्गत बलार डेम के निकट ग्राम देवतराई के स्कूल में प्रशिक्षु आरएफओ नवीन वर्मा द्वारा स्कूल को बच्चों को ग्लोबल वर्मिंग पर्यावरण प्रदूषण सहित वनों के महत्व को विस्तार से जानकारी देकर पौधा का रोपण किया। उल्लेखनीय है कि वनमंडल अधिकारी गणवीर धम्मशील के निर्देशनुसार उपवनमंडल अधिकारी अनिल वर्मा के मार्गदर्शन मे परिक्षेत्र अधिकारी सुनीत साहू के नेतृत्व मे नवागांव सहायक परिक्षेत्र अधिकारी द्वारा वन महोत्सव कार्यक्रम ग्राम पंचायत देवतराई के स्कूल और पंचायत भवन मे पौधा रोपण किया गया। जिसमें आंवला, जामुन, करंज सहित फलदार पौधा का रोपण किया गया। इसमें स्कूल के हेड मास्टर श्रवण यादव, फिरंता वर्मा, ग्राम के सरपंच अशोक बरिहा, सचिव शिव कुमार भोई, वन प्रबंधन समिति के अध्यक्ष डमरू प्रधान, ग्राम के पंचगण, परिसर रक्षी नवागांव बुदेश्वर दिवाकर, परिसर रक्षी कंजिया धनसाय रात्रे, नवागांव परिवृत के श्यामलाल, कुमार सिंग, अंजोर सिंग, कैलाश, रामगोपाल सुरक्षा श्रमिक स्कूल के बच्चे और ग्रामीण शामिल रहे। इस दौरान सभी बच्चो और ग्रामीणों को वन बचाने हेतु शपथ भी दिलायी गई।

■ आंवला, जामुन, करंज सहित फलदार पौधों का रोपण किया

## पंचायतों में पूर्ण शराबबंदी की मांग सरपंच पर हमले से संघ में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिले में अवैध शराब और कच्ची शराब की बिक्री पर रोक लगाने की मांग अब जोर पकड़ रही है। बलौदाबाजार सरपंच संघ ने इस विषय को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में सभी ग्राम पंचायतों में पूर्ण शराबबंदी लागू करने, सरपंचों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और शराब माफियाओं के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की गई है।

इस ज्ञापन की पृष्ठभूमि में हाल ही में ग्राम गैतरा के सरपंच भागीरथी कुर्रे पर हुआ जानलेवा हमला भी एक बड़ी वजह बना। सरपंच भागीरथी कुर्रे गांव में अवैध शराब बिक्री का विरोध कर रहे थे, उसी दौरान एक आरोपी युवक ने उन पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। वर्तमान में उनका इलाज निजी अस्पताल में जारी है।

इस घटना से समूचा सरपंच संघ भयभीत और आक्रोशित है। सरपंच संघ के पदाधिकारियों ने इसे





लोकतंत्र पर हमला बताते हुए कहा कि जब जनप्रतिनिधि ही असुरक्षित हैं तो ग्रामीणों की सुरक्षा कैसे सुनिश्चित होगी। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि प्रशासन ने जल्द ठोस कदम नहीं उठाए तो वे आंदोलन की राह पकड़ने को मजबूर होंगे।

ज्ञापन में सरपंच संघ की प्रमुख मांगे इस प्रकार हैं की सभी सरपंचों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। अवैध शराब की बिक्री पर तत्काल प्रभाव से सख्त कार्रवाई हो। शराब माफियाओं की पहचान कर उनके खिलाफ अपराध दर्ज किया जाए। सूचना देने वाले सरपंचों का नाम गोपनीय रखा जाए। ज्ञापन पर सरपंच संघ के अध्यक्ष अजय गर्ग, उपाध्यक्ष प्रमिला वर्मा, सचिव जामंतिन, पारसमणि साहू, संतोषी घृतलहरे, कलावती, माहेश्वरी वर्मा सहित अनेक पंचायत प्रतिनिधियों ने हस्ताक्षर किए हैं।

## सेंट्रिंग प्लेट कार्य में अब तक 1 करोड़ 15 लाख से अधिक आय अर्जित की

# बिहान से जुड़कर समूह की महिलाएं बन रहीं लखपति दीदी







हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर जिला पंचायत सीईओ सुश्री दिव्या अग्रवाल के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन योजना बिहान के तहत जिले में स्व सहायता समूहों क्री महिलाओं क्रो आर्थिक आत्मनिर्भरता क्री ओर अग्रसर किया जा रहा है। स्वरोजगार से जोड़कर महिला सशक्तिकरण एवं महिलाओं को आर्थिक रूप से समृद्ध बनाने एवं समूह की दीदियों को लखपति बनाने की दिशा में एक सार्थक कदम उठाया गया है।

समूह क्री महिलाएं प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को आवास निर्माण पूर्ण करने के लिए आवश्यक सामग्री जैसे ईट, फ्लाई एश ब्रिक्स, सेंट्रिंग प्लेट इत्यादि सप्लाई करने मदद कर रही है। अब तक बिहान की कुल 478 स्व सहायता समूहों ने सेंट्रिंग प्लेट का कार्य कर अब तक 1 करोड़ 15 लाख से अधिक का आय अर्जित किया है एवं 118 स्व सहायता समूहों की दीदियों द्वारा ईंट निर्माण से 78 लाख का आय प्राप्त हुआ है।

इसी तरह प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना का भी लाभ मिल रहा है। इसके अंतर्गत विकासखंड पलारी में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के बीमित सदस्य (हितग्राही) प्रभा यादव की मृत्यु के पश्चात उनके नॉमिनी सखी यादव को बैंक ऑफ बड़ौदा, पलारी शाखा द्वारा 2 लाख रुपये का चेक वितरण किया गया।

## डीईओ को प्रतिभावन सम्मान कार्यक्रम में शामिल होने का न्योता



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

नवपदस्थ जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. संजय गुहे से सर्व आदिवासी समाज जिला इकाई बलौदाबाजार के प्रतिनिधि मण्डल ने जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय पहुंचकर स्वागत कर बधाई दी । आने वाले 24 अगस्त को जिला स्तरीय विश्व आदिवासी दिवस कार्यक्रम का न्योता भी दिया। कार्यक्रम के दिन सत्र 2024 -25 में 10वीं, 12वीं के 85 प्रतिशत से ऊपर अंक लाने वाले प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मान कार्यक्रम भी आयोजित है। इस अवसर पर सर्व आदिवासी समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष कमलेश ध्रुव, जिलाध्यक्ष भूपेंद्र ध्रुवंशी, जिला उपाध्यक्ष भानु ध्रुव, जिला सचिव राधा ध्रुव, जिला कोषाध्यक्ष अभय लाल ध्रुव, युवा प्रभाग जिला उपाध्यक्ष रवि ध्रुव प्रमुख रूप से उपस्थित रहे ।

## खबर संक्षेप

### अजजा आयोग सदस्य ने दीपक बैज से की मुलाकात



**भाटापारा।** अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य गणेश सिंह ध्रुव ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज से सौजन्य भेंट की। उन्होंने क्षेत्र एवं प्रदेश की स्थिति के बारे में अवगत कराया। किसानों की समस्या सहित बढ़ती बिजली की कीमत से आम लोगों में भारी आक्रोश की जानकारी दी।

### विकास कार्यों के लिए कांग्रेस पार्षदों ने लिया निर्णय



**भाटापारा।** नगरपालिका परिषद के 6 कांग्रेस पार्षदों ने गत दिनों एक निजी होटल में बैठकर अपने वार्डों में विकास कार्यों को लेकर लंबी चर्चा की। इस दौरान मुंशी इस्माईल वार्ड के पार्षद चन्द्रशेखर चक्रधारी, केके वार्ड के पार्षद अजय ठाकुर, नयागंज के पार्षद ठाकुर राम साहू, गुरूनानक वार्ड सीके खुटे, रामसागर वार्ड नरेन्द्र यदु, श्यामाप्रसाद मुखर्जी गेंदु साहू मौजूद रहे। वहीं इस बैठक को लेकर सभी ने विकास कार्यों को लेकर सहमति बनी। विधायक इन्द्र साव के मार्ग दर्शन में पालिका में कार्य सुचारू रूप से चले इसके लिए सभी पार्षदों में रायसुमारी बनी।

### प्रदेशभर में डीएपी की कमी अजजा आयोग सदस्य गणेश सिंह ने उठाया मुद्दा

**भाटापारा।** छत्तीसगढ़ अनुसूचित जन जाति आयोग के सदस्य



गणेशसिंह ध्रुव ने कहा कि क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों का दौरा करने के बाद पाया कि प्रदेश में इस समय डीएपी खाद की कमी है और प्रदेश की भाजपा सरकार इस मुद्दे में फेल हो चुकी है। मौजूदा मानसून के विधानसभा सत्र में इसका मुद्दा भी जोर शोर से उठ रहे हैं। वे रायगढ़, कोरबा, अंबिकापुर, बलौदाबाजार, बेमेतरा सहित कई जिलों का दौरा कर चुके हैं, जहां DAP खाद की भारी किल्लत देखने को मिली और खाद ब्लैक में बिक रहा है। 17 जुलाई से वे जगदलपुर, दंतेवाड़ा, बीजापुर, सुकमा का दौरा करेंगे, जहां वे किसानों और लोगों से मिलकर इस मुद्दे पर चर्चा करेंगे। ध्रुव ने कहा DAP खाद जो कि एकाएक बाजार से गायब होना भी अपने आप में प्रश्न चिन्ह खड़ा करता है।

### स्काउट गाइड के बच्चों ने सरसीवा सरायपाली मुख्य मार्ग के पाटे गड्ढे



**मुड़पार-सरसींवा।** बीते दिनों सरसीवा सरायपाली मुख्य मार्ग पर ग्राम बिलासपुर के निर्मित बड़े गड्ढे को स्काउट गाइड के बच्चों ने पाटने का प्रयास किया। इसमें आए दिन कोई न कोई हादसा होते रहते हैं और बरसात का पानी भर जाने से गड्ढा दिखाई भी नहीं पड़ता, जिसकी वजह से राहगीरों को कोई न कोई तकलीफ का सामना करना पड़ता है। बरसात के मौसम और इस मार्ग पर बड़े-बड़े गड्ढे निर्मित हो गए हैं। कोई बड़ा हादसा न हो पाएं इसके लिए स्काउट के बच्चों ने गड्ढा पाटने का प्रयास किया। यह कार्य हायर सेकंडरी स्कूल मन पसार के धात्री नायक के निर्देशानुसार हुआ जिसमें स्काउट गाइड के बच्चे भगवती साहू, लक्की जोल्हे, सागर सुमन, राहुल चौहान, तरुण बंजारे, राजमणि बंजारे, अर्शी सुमन, रुकमणी बंजारे, रानी साहू, जमुना जायसवाल, साक्षी जांगड़े का सराहनीय योगदान रहा।

# दलदल और जर्जर भवन में संचालित हो रही प्राथमिक स्कूल भरूवाडीह

## बच्चों की पढ़ाई हो रही प्रभावित, बीमारी का खतरा भी बढ़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भवानीपुर

विकासखंड पलारी अंतर्गत ग्राम भरूवाडीह की प्राथमिक शाला दयनीय हालात में संचालित हो रही है। जर्जर भवन, दलदल बना परिसर और बुनियादी सुविधाओं की कमी ने बच्चों की शिक्षा और सुरक्षा दोनों पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्कूल का वर्तमान भवन इतना जर्जर हो चुका है कि छत से पानी टपकता है। दीवारों में दरारें आ गई हैं और बारिश के दौरान परिसर दलदल में तब्दील हो जाता है। स्कूल परिसर में समतलीकरण न होने के कारण मामूली बारिश में ही जलभराव हो जाता है। नाली निर्माण न होने से गंदा पानी जमा रहता है, जिससे मच्छरों का प्रकोप बढ़ जाता है और बच्चों को डेंगू, मलेरिया जैसी बीमारियों का खतरा बना रहता है। बच्चों की सुरक्षा और शिक्षा पर संकट- स्कूल के आसपास खुले क्षेत्र में आवारा पशुओं की आवाजाही आम बात हो गई है। साथ ही जहरीले जीव-जंतुओं के खतरे ने बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ा दी है। अभिभावक भी अपने बच्चों को ऐसी स्थिति में स्कूल भेजने से हिचकिचा रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि जब तक बच्चों को सुरक्षित और स्वच्छ वातावरण में शिक्षा नहीं मिलती तब तक शिक्षा में सुधार की बातें बेमानी हैं। उन्होंने चेताया है कि यदि शीघ्र ही विद्यालय की स्थिति को लेकर कोई ठोस पहल नहीं की गई तो वे मजबूरन उग्र आंदोलन का रास्ता अपनाएंगे।







### शिक्षकों और ग्रामीणों ने जताई चिंता

विद्यालय में कार्यरत शिक्षक एवं ग्रामीण चेतन साहू, गोविंद निषाद और घनाराम साहू ने बताया कि स्कूल परिसर की हालत सुधारने के लिए कई बार सरपंच एवं पंचायत को अवगत कराया गया है। अहाता निर्माण समतलीकरण एवं नाली जैसी बुनियादी मांगों को बार-बार दोहराया गया, परंतु अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।

## समस्या : पार्टी ने विभिन्न मांगों को लेकर राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन

# गांवों में मूलभूत सुविधाओं का अभाव, बसपा ने उठाया मुद्दा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़पार-सरसींवा

प्रदेश बसपा ने राज्य के ग्रामीण अंचलों में आम जनता एवं किसानों को जनहितकारी मूलभूत सुविधाओं के अभाव पर आवाज उठाई है। बसपा ने कहा राज्य सरकार की लापरवाही के कारण कई ग्रामीण अंचलों में समस्याएं गंभीर रूप ले चुकी हैं। खाद व बीज की भारी किल्लत, किसानों को बुवाई के मौसम में आवश्यक खाद एवं बीज नहीं मिल रहे हैं। सरकारी वितरण प्रणाली ठप है, जिससे किसान बिचौलियों से महंगे और नकली खाद बीज खरीदने विवश है। इससे न केवल उनकी आर्थिक स्थिति खराब हो रही है, बल्कि कृषि उत्पादन पर भी प्रतिकूल असर पड़ रहा है।

युक्तियुक्तकरण के तहत हजारों शासकीय स्कूलों को बंद करना एवं शिक्षकों की भारी कमी निजी स्कूलों को बढ़ावा देना छ.ग. के गरीब मजदूरों के बच्चों को शिक्षा से वंचित करना है।



अधिकांश विद्यालयों में अब तक बच्चों को पाठ्यपुस्तकें और गणवेश नहीं मिले हैं, जिससे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है और भविष्य अंधकारमय नजर आ रहा है। ग्राम सुंदरकेरा जनपद पंचायत अभनपुर जिला रायपुर में उच्च माध्यमिक विद्यालय का उन्नयन 2018 में हुआ था, लेकिन स्वीकृत व्यख्याता पद अभी तक भरा नहीं गया है। स्वास्थ्य सेवाओं की जर्जर स्थिति ग्रामीण क्षेत्रों के स्वास्थ्य केंद्रों में डॉक्टरों की भारी कमी है। जीवन रक्षक दवाइयां उपलब्ध नहीं हैं। प्रसव सेवाएं टीकाकरण और सामान्य उपचार भी समय पर नहीं मिल पा रही हैं जिससे आम जनता में विशेषकर महिलाएं और बच्चे अत्यधिक प्रभावित हो रहे हैं।

### महीनों से ट्रांसफार्मर खराब

*कई गांवों में ट्रांसफॉर्मर महीनों से जले पड़े हैं जिससे विद्युत आपूर्ति ठप है। सड़कों की हालत बद से बदतर है कई गांवों का जिला मुख्यालय से सम्पर्क कट गया है। इससे स्कूल, अस्पताल, हाट बाजार पहुंचना कठिन हो गया है। जनहित की अन्य समस्याएं - बेरोजगारी चरम पर है युवा वर्ग हताश हैं। निराश्रित, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, दिव्यांग पेंशन समय पर नहीं मिल पाना। शुद्ध पेयजल की गंभीर समस्या के कारण महामारी की सम्भावना, सरकारी योजनाओं में भारी भ्रष्टाचार एवं भेदभाव, नशाखोरी और सामाजिक विघटन गांव-गांव में अवैध शराब बिक्री से हिंसक वारदात की घटना जिससे समाज एवं युवा बरबाद हो रहे हैं। ज्ञापन सौंपने वालों में बसपा नेशनल कोऑर्डिनेटर मनीष आनंद, प्रदेश बसपा अध्यक्ष श्याम टण्डन, बसपा छ.ग. पूर्व विधायक इंदू बंजारे, के डी टण्डन, सदानंद मार्कण्डेय आदि शामिल हैं।*

# चालक-परिचालक संघ ने नपा के सामने रखी समस्याएं यात्रियों की भी जताई चिंता



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

नगर क्षेत्र अंतर्गत बस स्टैंड परिसर में चालक एवं परिचालक संघ द्वारा नगर पालिका प्रशासन को यात्रियों एवं परिवहन कर्मियों को हो रही विभिन्न असुविधाओं से अवगत कराया गया।

निरीक्षण के दौरान संघ के पदाधिकारियों एवं परिवहन कर्मियों से विस्तारपूर्वक संवाद कर उनकी समस्याएं गंभीरतापूर्वक सुनी गईं। तत्पश्चात संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए कि बस स्टैंड परिसर में साफ़-सफ़ाई, पेयजल, शौचालय, रैन बसेरा एवं प्रकाश व्यवस्था सहित सभी मूलभूत सुविधाएं सुलभ कराई जाएं।

साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि यात्रियों को सुरक्षित, सहज और सुविधाजनक परिवहन सेवा का अनुभव हो तथा चालक-परिचालकों को सम्मानजनक वातावरण में कार्य करने की समुचित व्यवस्था उपलब्ध हो। नगर पालिका परिषद अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने कहा कि यात्रियों और परिवहन से जुड़े कर्मियों की समस्याओं का त्वरित निराकरण प्राथमिकता में रखा गया है और आगामी समय में आवश्यकतानुसार समग्र सुधार कार्य किए जाएंगे। साथ में नगर पालिका उपाध्यक्ष दिलीप छाबड़ाया, सभापति मनीष मिश्रा, नंदू वैष्णव, मोंटू ध्रुव, कीर्तन जायसवाल उपस्थित थे।



# गांवों के विकास से ही राज्य की प्रगति संभव

**भाटापारा।** उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा ने मंगलवार को ग्राम सीतापार में 10 लाख की लागत से बनने वाले सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। कार्यक्रम में शिवरतन शर्मा ने कहा की गांव-गांव में विकास कार्यों को पहुंचाने और डबल इंजन भाजपा सरकार की जनकल्याण योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचाना हमारा लक्ष्य है।

उन्होंने कहा नरेन्द्र मोदी एवं विष्णुदेव साय के कुशल नेतृत्व में देश व प्रदेश में सतत विकास कार्य किये जा रहे हैं। गांवों के विकास से ही राज्य की प्रगति संभव है। हमारी सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने, महिलाओं को सशक्त करने और किसानों की आय बढ़ाने के लिए हर स्तर पर काम कर रही है। शिवरतन शर्मा ने सावन माह के पवित्र अवसर पर ग्राम के शिव मंदिर में भगवान भोलेनाथ के दर्शन कर सभी की सुःख समृद्धि की कामना की और एक पेड़ मां के नाम 2.0 अभियान के तहत पौधारोपण में सहभागिता कर पौधारोपण भी किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष भाजपा आनंद यादव, मंडल अध्यक्ष सिमगा चंद्रमणी तिवारी, जिलापंचायत सभापति दीप्ति गोविन्द वर्मा, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष कमलेश साहू, सरपंच कुंती अखबर साहू सहित जनप्रतिनिधिगण एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

■ शिवरतन ने 10 लाख के सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया

# दरबा के सरपंच संजय ने स्कूल का लिया जायजा

**चंदखुरी।** ग्राम पंचायत दरबा के सरपंच संजय टंडन ने अपने गांव के प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला विद्यालय का निरीक्षण जायजा लिया। स्कूल के प्रधान पाठक सहित सभी शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। स्कूल के छात्र छात्राओं से बातचीत कर पड़ाई लिखाई सहित शिक्षक शिक्षाकाओं द्वारा दी जा रही शिक्षा को लेकर बातचीत किया तथा स्कूल में शिक्षा व्यवस्था को और सुद्धरीण कैसे किया जाए शिक्षक शिक्षिकाओं सहित छात्र छात्राओं से चर्चा किया। शिक्षा जीवन का अभिन्न अंग है। शिक्षा से भविष्य निर्माण सहित बौद्धिक विकास सहित संस्कार जैसे कई महत्वपूर्ण ज्ञान पाठशाला से छात्र छात्राओं को मिलती है। पढ़ाई लिखाई शिक्षा मनुष्य का वस्त्र के समान है। सरपंच संजय टंडन ने अच्छी शिक्षा व्यवस्था में जो भी अड़चने बाधा उत्पन्न होगी उसे दूर करने के लिए कड़े प्रयास कर उसे दूर करने की कोशिश की जाएगी। अच्छी बुनियादी गुणवत्ता शिक्षा के लिए जो भी साधन संसाधन की आवश्यकता होगी उसे दूर कर ग्राम पंचायत दरबा में गुणवत्ता युक्त



शिक्षा की बहाली के लिए शासन से अच्छी बिल्डिंग स्कूलों की सौन्दरीकरण स्कूलों को स्मार्ट क्लासरूम के रूप में स्थापित करने विधायक खुशवंत साहेब कलेक्टर रायपुर को आवेदन पत्र प्रेषित कर ग्राम पंचायत दरबा में शिक्षा व्यवस्था को स्मार्ट शिक्षा में बदलने की दिशा में प्रयास किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान सरपंच संजय टंडन सहित शासकीय प्राथमिक शाला दरबा के प्रधान पाठक राम कुमार सिन्हा सत्येंद्र शर्मा श्री मति वेदिका वाडेर अमिया टोप्पो बरखा टंडन सहित शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला दरबा के प्रधान पाठक खेमलाल वर्मा आरती चौबे रीना कुंजाम परस राम साहू प्रमिला वर्मा आदि शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

# छात्रों के बेहतर भविष्य के लिए हायर सेकंडरी में हुआ कैरियर कॉउंसिलिंग सत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी अतुल परिहार के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय महिला सशक्तिकरण केन्द्र (हब) के तहत सिमगा परियोजना के शासकीय हाई स्कूल हिरमी में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजनांतर्गत बालिकाओं के बेहतर भविष्य के लिए कैरियर कॉउंसिलिंग सत्र का आयोजन किया गया।

कैरियर कांउसिलिंग में विभिन्न व्याख्याताओं द्वारा कैरियर के सही चुनाव एवं महत्व के विषय में बच्चों को मार्गदर्शन एवं कार्यक्रम में प्रश्नोत्तोरी सत्र का भी आयोजन किया गया। छात्राओं तथा प्रशिक्षक के मध्य कैरियर को लेकर संवाद हुआ और छात्राओं के प्रश्नों का निराकरण किया गया। महिला हेल्पलाईन नं.181, चाईल्ड हेल्पलाईन नं. 1098, पॉक्सो एक्ट, बाल विवाह, कार्यस्थल पर महिलाओं का लैंगिक उत्पीड़न से सुरक्षा अधिनियम 2013, घरेलू हिंसा 2005, सखी वन स्टॉप सेंटर एवं महिला एवं बाल विकास विभाग की अन्य योजनाओं के बारे में





जानकारी दी गई। कार्यक्रम में जिला महिला संरक्षण अधिकारी मंजू तिवारी, जिला मिशन समन्वयक प्रीति नवरत्न, कैरियर कॉउंसलर दांजिल डेविड, दुर्गेश्वरी, स्कूल प्रिंसिपल कल्पना झा सहित अन्य शिक्षकगण एवं स्कूल की छात्राएं उपस्थित थी।

## मानव अधिकार आयोग ने किया सम्मानित

# ह्यूमन राइट्स अवॉर्ड से सम्मानित हुए मदनलाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पवनी

राष्ट्रीय मानवाधिकार अपराध नियंत्रण ब्यूरो छत्तीसगढ़ द्वारा अंबेडकर भवन चांपा में महासम्मेलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें प्रदेश अध्यक्ष डॉ. जतिंदर पाल के सफल निर्देशन में सम्पन्न हुआ। इसमें मुख्य अतिथि कोशी प्रदेश, नेपाल के पूर्व कानून मंत्री वल्लभ अधिकारी, डॉ. रणधीर कुमार राष्ट्रीय अध्यक्ष राष्ट्रीय मानवाधिकार अपराध नियंत्रण ब्यूरो, गीता गौतम अंतर्राष्ट्रीय समाज सेविका, डॉ. कांति खूंटे, महासमुंद डीईओ विजय कुमार लहरे, डॉ. बोधी राम साहू प्रदेश संरक्षक सहित अतिथियों द्वारा मदनलाल तोमर व्याख्याता शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खुरसुला विकासखण्ड बिलाईगढ़ को ह्यूमन राइट्स अवॉर्ड 2025 मोमेंटो, प्रमाण पत्र,




डायरी से सम्मानित किया गया। यह अवॉर्ड उन्हें शिक्षा एवं समाज के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रदान किया गया। उन्हें विभिन्न संस्थाओं तथा समाज द्वारा शिक्षा एवं समाज के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया जा चुका है। कार्यक्रम में कोशी प्रदेश नेपाल एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश की संस्कृति पर आधारित नृत्य की प्रस्तुति ने उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिए। कृष्णकुमार नेताम शिक्षक पूर्व माध्यमिक शाला धौराभाठा को ह्यूमन राइट्स अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। इसके लिए मानव अधिकार आयोग के सारंगढ़ जिला अध्यक्ष लाभो कुमार, कुंदन सोनबरिहा, परदेशी एवं पदाधिकारीगण तथा संस्था प्राचार्य रामसहाय डडसेना, भारत राम बंजारे, हरेन्द्र कुमार शाण्डिल्य, श्यामलाल नवरत्न, देवेन्द्रकुमार राकेश, सालिकराम साहू, लीलेशकुमार राजेश, महेन्द्र कुमार चतुर्वेदी, सुनीता चतुर्वेदी, शिवकुमारी महिलांगे, लोकनाथ तांडेय ने बधाई दी।

